भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2704**

**11 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**चीनी भंडारण स्तर में कमी**

**2704. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2022 से एथनॉल उत्पादन के लिए अन्यत्र उपयोग के कारण चीनी के भंडारण के स्तर में प्रतिशत कमी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चीनी के भंडारण के उन स्तरों की सीमा निर्धारित की है जिनके नीचे एथनॉल उत्पादन में कटौती की जानी चाहिए;

(ग) यदि हां, तो इन सीमाओं का ब्यौरा क्या है और चीनी का भंडारण इस सीमा से नीचे जाने की स्थिति में क्या कार्ययोजना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

(क): चीनी मौसम 2021-2022 से इथेनॉल उत्पादन के कारण चीनी मौसम (अक्तूबर से सितंबर) वार चीनी स्टॉक में प्रतिशत कमी अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख) से (घ): जी नहीं।

पिछले चीनी मौसमों में, देश में चीनी का उत्पादन, घरेलू खपत 270-295 लाख टन की तुलना में लगभग 320-360 लाख टन (एलएमटी) (चीनी का इथेनॉल में डायवर्जन छोड़कर) था, जिसके परिणामस्वरूप चीनी मिलों के पास चीनी का एक महत्वपूर्ण अधिशेष रह गया।

अतिरिक्त चीनी की समस्या के समाधान के लिए, सरकार ने चीनी मिलों को अधिशेष चीनी इथेनॉल के उत्पादन हेतु डाईवर्जन के लिए प्रोत्साहित किया। चीनी मौसम 2023-24 के दौरान, चीनी उत्पादन जो कि 300-320 लाख टन अनुमानित था में अनुमानित गिरावट के कारण, चीनी से इथेनॉल उत्पादन की ओर डायवर्जन को 24 लाख टन पर सीमित कर दिया गया था।

इसके अलावा, गन्ने की पेराई का चीनी मौसम अक्तूबर महीने में शुरू होता है, लेकिन अधिकांश चीनी मिलों में नवंबर मध्य से पेराई शुरू होती है और दिसंबर महीने में पेराई पूरे जोरों पर होती है। इसलिए, सरकार ढाई महीने की घरेलू खपत को पूरा करने के लिए पिछले चीनी मौसम से पर्याप्त चीनी का कैरी-ओवर स्टॉक सुनिश्चित करती है।

**लोकसभा में दिनांक 11.12.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2704 के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध।**

**अनुबंध-I**

**चीनी मौसम 2021-22**

**मात्रा (लाख टन में)**

| क्रम सं. | राज्य | चीनी मौसम के दौरान चीनी की कुल उपलब्धता,समापन स्टॉक साहित | इथेनॉल के लिए चीनी का वास्तविक डायवर्जन | चीनी के इथेनॉल में डायवर्जन के कारण स्टॉक में कमी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरप्रदेश | 148.6 | 14.5 | 9.7% |
| 2 | महाराष्ट्र | 174.4 | 11.0 | 6.3% |
| 3 | कर्नाटक | 80.0 | 8.7 | 10.9% |
| 4 | गुजरात | 15.2 | 0.0 | 0.0% |
| 5 | बिहार | 7.5 | 0.8 | 10.7% |
| 6 | तमिलनाडु | 15.2 | 0.2 | 1.3% |
| 7 | हरियाणा | 9.8 | 0.3 | 3.0% |
| 8 | मध्य प्रदेश | 7.1 | 0.4 | 5.6% |
| 9 | पंजाब | 8.5 | 0.3 | 3.5% |
| 10 | उत्तराखंड | 6.5 | 0.0 | 0.0% |
| 11 | आंध्रप्रदेश | 3.3 | 0.1 | 3.0% |
| 12 | छत्तीसगढ़ | 1.4 | 0.0 | 0.0% |
| 13 | तेलंगाना | 2.5 | 0.0 | 0.0% |
| 14 | ओडिशा | 0.3 | 0.0 | 0.0% |
| **सम्पूर्ण भारतीय** | | **480.3** | **36.3** | **7.5%** |

चीनी मौसम 2022-23

मात्रा (लाख टन में)

| क्रम सं. | राज्य | चीनी मौसम के दौरान चीनी की कुल उपलब्धता, समापन स्टॉक सहित | इथेनॉल के लिए चीनी का वास्तविक डायवर्जन | चीनी के इथेनॉल में डायवर्जन के कारण स्टॉक में कमी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरप्रदेश | 147.8 | 19.0 | 12.9% |
| 2 | महाराष्ट्र | 136.3 | 12.0 | 8.8% |
| 3 | कर्नाटक | 78.5 | 11.0 | 14.0% |
| 4 | गुजरात | 12.9 | 0.1 | 0.8% |
| 5 | तमिलनाडु | 19.4 | 0.0 | 0.0% |
| 6 | बिहार | 7.6 | 0.0 | 0.0% |
| 7 | हरियाणा | 11.9 | 0.3 | 2.5% |
| 8 | पंजाब | 8.5 | 0.1 | 1.2% |
| 9 | मध्य प्रदेश | 6.5 | 0.2 | 3.1% |
| 10 | उत्तराखंड | 6.6 | 0.2 | 3.0% |
| 11 | आंध्रप्रदेश | 2.9 | 0.2 | 6.8% |
| 12 | तेलंगाना | 2.9 | 0.0 | 0.0% |
| 13 | छत्तीसगढ़ | 1.2 | 0.0 | 0.0% |
| 14 | ओडिशा | 0.3 | 0.0 | 0.0% |
| **सम्पूर्ण भारत** | | **443.3** | **43.1** | **9.7%** |

चीनी मौसम 2023-24

मात्रा (लाख टन में)

| क्रम सं. | राज्य | चीनी मौसम के दौरान चीनी की कुल उपलब्धता, समापन स्टॉक सहित | इथेनॉल के लिए चीनी का वास्तविक डायवर्जन | चीनी के इथेनॉल में डायवर्जन के कारण स्टॉक में कमी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरप्रदेश | 131.9 | 6.6 | 5.0% |
| 2 | महाराष्ट्र | 134.1 | 8.5 | 6.3% |
| 3 | कर्नाटक | 67.1 | 7.0 | 10.5% |
| 4 | गुजरात | 11.5 | 0.0 | 0.0% |
| 5 | तमिलनाडु | 14.4 | 0.1 | 0.8% |
| 6 | बिहार | 9.0 | 0.9 | 9.6% |
| 7 | हरियाणा | 8.4 | 0.2 | 2.3% |
| 8 | पंजाब | 7.5 | 0.1 | 1.1% |
| 9 | मध्य प्रदेश | 7.4 | 0.5 | 6.9% |
| 10 | उत्तराखंड | 4.4 | 0.0 | 0.0% |
| 11 | आंध्रप्रदेश | 2.3 | 0.1 | 4.3% |
| 12 | तेलंगाना | 2.0 | 0.0 | 0.0% |
| 13 | छत्तीसगढ़ | 1.3 | 0.1 | 6.8% |
| 14 | ओडिशा | 0.3 | 0.0 | 0.0% |
| **सम्पूर्ण भारत** | | **401.4** | **24.1** | **6.0%** |